तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, मुजफ्फरपुर
TIRHUT DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.,MUZAFFAPUR
AN ISO 22000:2005 & HACCP SYSTEM CERTIFIED ORGANISATION,
P.O.-KOLHUA PAIGAMBARPUR, MUZAFFARPUR-843108(BIHAR)
Email: timulmarketing@gmail.com, www.sudhatimul.in

COMFED

तिमुलःविप0: 2021 दिनांक: 16.07.2024

— —:निविदा सूचना:— —

## तिमुल मुजफ्फरपुर डेयरी अन्तर्गत वितरकों की नियुक्ति हेतु निविदा सूचना

तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 अन्तर्गत विभिन्न विपणन पथों (**मोतिहारी प्लांट से संलग्न पथ : (1) शंकर सरैया – तुरकौलिया पथ (2) मोतिहारी – पचपकड़ी पथ (3) बलहा – कठैया – नौतन पथ (4) वनझुला – तालीमपुर ग्रामीण विप0 पथ (5) सीवान–गुठनी पथ (6) गोपालगंज – भोरे – कटेया पथ तथा मुजफ्फरपुर प्लांट से संलग्नः (7) सदातपुर – मधौल – मुजफ्फरपुर फोरलेन पथ (8) बेला ईमली चौक – कटेसर – छपड़ा चौक पथ (9) मुहम्मदपुर – कोआही पथ (10) हनुमाननगर – रमौली पथ**) में दूध एवं दूधजन्य उत्पादों के वितरण हेतु अनुभवी वितरकों की आवश्यकता है। जो विपणन का अगले एक वर्ष में लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम हों । इस कार्य हेतु जी0एस0टी0 पंजीकृत व्यक्ति या पार्टी, जो आर्थिक रूप से सक्षम हों तथा आयकर पैन नं0 प्राप्त हो, विहित प्रपत्र में निविदा दे सकते हैं । निविदा प्रपत्र रू0 **1000.00 (एक हजार रूपया)** मात्र नगद भुगतान पर दिनांक **22.07.2024** से **12.08.2024 तक** किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक लिखित अनुरोध पर **तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, मुजफ्फरपुर डेयरी** के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं अथवा **www.sudhatimul.in** से डाउनलोड कर सकते है। डाउनलोड की स्थिति में निविदा आवेदन के साथ 1000/– रु0 का डी0डी0 "**तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0**"के नाम जमा करना अनिवार्य है । निविदा के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश, प्री–क्वालिफिकेशन बीड एवं वित्तीय/प्राइस बिड के लिए आवेदन पत्र उपलब्ध होगा । पूर्ण भरे हुए निविदा, विहित आवेदन पत्र **जिसमें 50,000/– (पचास हजार) रु0 का डी0डी0 तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 के नाम मुजफ्फरपुर में भुगतेय हो संलग्न कर मुजफ्फरपुर** डेयरी में दिनांक **17.08.2024** के अपराह्न 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/कुरियर द्वारा दो **अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफा** में जिस पर **"प्री–क्वालिफिकेशन बीड" एवं "वित्तीय/प्राइस बीड"** अंकित होगा, को एक बड़े लिफाफे में भरकर **"वितरक चयन हेतु निविदा" एवं "अन्तिम तिथि"** का बड़े लिफाफे पर उल्लेख करते हुए भेजना होगा । निविदा दिनॉक **21.08.2024** को प्रातः 11.00 बजे तिमुल के कार्यालय में खोला जायेगा जिसमें निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं ।

अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये प्राप्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से रद्द/स्वीकार/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

विस्तृत जानकारी के लिए तिमुल मुजफ्फरपुर डेयरी के पते पर एवं मोबाईल सं0 **7070993103, 7070993104, 7070993105 एवं 7070993000** पर संपर्क किया जा सकता है अथवा अद्यतन जानकारी **website** पर देखी जा सकती है ।

16/07/24
प्रबंध निदेशक

सभी शाखा प्रधान – सूचनार्थ।
लेखा शाखा – आवश्यक कार्यवाई हेतु
प्रभारी, सभी शीतक केन्द्र – सूचनापट्ट पर प्रकाशन हेतु।
**सूचनापट्ट – तिमुल, मुजफ्फरपुर डेयरी।**

# निविदा की शर्त्तें

(1) एक आवेदक **अधिकतम दो पथों** के लिए निविदा दे सकते हैं । यदि कोई आवेदक वर्तमान में वितरक के रूप में कार्य कर रहे हैं, तो उसे सम्मिलित करते हुए कुल दो ही पथ वितरक कार्य हेतु अनिवार्य होगा । (पथों का व्यौरा कृपया परिशिष्ट - 1 पर देखें) ।

(2) प्रि-क्वालिफिकेशन एवं वित्तीय प्राइस बीड अलग-अलग लिफाफे में जमा करना अनिवार्य है, जिसपर प्रि-क्वालिफिकेशन एवं वित्तीय प्राइस बीड एवं निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए । अन्यथा बंद लिफाफा को अमान्य करते हुए निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा ।

(3) निविदाएँ निबंधित डाक अथवा कुरियर से जमा की जा सकती है । निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायगा । सशर्त्त/ई-मेल पर भेजी गई निविदा स्वीकार्य नहीं है ।

(4) सर्वप्रथम प्रि-क्वालिफिकेशन बीड खोला जायगा तथा वित्तीय/प्राइस बीड उन्हीं निविदादाता का खोला जायगा, जो प्रि-क्वालिफिकेशन बीड में सफल होंगे ।

(5) सशर्त्त तथा **प्रि-क्वालिफिकेशन** बीड की कंडिका 02, 04, 09, 15 एंव 17 की अर्हताएँ पूरी नहीं करने वाली निविदाएँ असफल समझी जायगी ।

(6) परिशिष्ट-1 में दर्शायी गई अग्रधन की राशि केवल बैंक ड्राफ्ट के रूप में निविदा के साथ स्वीकार की जायगी । इसपर कोई ब्याज देय नहीं होगा । असफल निविदाकारों की अग्रधन राशि 30 (तीस) दिनों के अन्दर चेक द्वारा वापस लौटा दी जायगी, जबकि सफल निविदाकारों की अग्रधन राशि जमानत के विरूद्ध समायोजित की जायगी ।

(7) सफल निविदाकारों को कार्य आवंटन के पूर्व कार्यालय, डीपफ्रीज, डी०जी० सेट, कम्प्यूटर, कर्मचारी, टेलिफोन, गाडी का इन्सुलेशन निर्धारित मापदण्ड के अनुसार कराना होगा । इन व्यवस्थाओं के निरीक्षण के उपरान्त ही कार्यादेश निर्गत किया जायगा । निर्धारित तिथि तक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर पाने में असफल निविदाकार का कार्यावंटन रद्द करते हुए उनकी अग्रधन राशि जब्त कर ली जायगी ।

(8) कार्य आरंभ करने के पूर्व निविदाकार को निर्धारित जमानत राशि एंव उतनी ही राशि की बैंक गारन्टी तथा भारतीय खाद्य संरक्षा एंव मानक प्राधिकरण का प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, जी०एस०टी० निबंधन का प्रमाण-पत्र जमा कर एकरारनामा करना होगा ।

(9) निविदा में कटिंग/ओवरराइटिंग पाए जाने पर निविदा स्वीकार नहीं किया जायगा ।

(10) दर अंक एवं शब्दों में साफ-साफ अंकित होना अनिवार्य है ।

(11) निविदा अधूरा भरा पाए जाने पर रद्द समझा जायगा ।

(12) निविदा प्रपत्र हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है ।

(13) बिक्री किये गए निविदा प्रपत्र को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं लिया जायगा ।

(14) निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि (प्राधिकृत करने से संबंधित प्राधिकार पत्र निविदादाता के द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए,जिसे कार्यालय में जमा करना होगा) उपस्थित रह सकते हैं ।

(15) डीजल दर में न्यूनतम रु० ३/- प्रति लीटर वृद्धि/कमी होने पर गाड़ी के डीजल के खपत एवं क्षमता के आधार पर वितरक मार्जिन संशोधित किया जायेगा, जो निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि को आधार मानकर गणना की जायेगी ।

(16) चयनित निविदादाता को दूध के साथ दूधजन्य पदार्थ का परिवहन एवं विपणन करना अनिवार्य होगा । दूध जन्य पदार्थ परिवहन के मद में मार्जिन/भाड़ा का भुगतान संघ के नियमानुसार किया जायगा । यदि संघ दूध एवं प्रोडक्ट का वितरक अलग-अलग बहाल करता है तो यह शर्त स्वीकार्य होगा ।

(17) निविदा खुलने की तिथि को यदि अवकाश का दिन घोषित किया जाता है तो अवकाश के बाद आने वाला पहला कार्यदिवस को निविदा खोला जायगा ।

(18) प्रत्येक गाड़ी डेयरी द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप इन्सुलेटेड होना आवश्यक होगा । अतः वाहन छः तरफ से कम से कम दो इंच मोटाई वाला इन्सुलेटेड मैटेरियल से युक्त होगा ।

(19) चयनित निविदादाता को कार्य आबंटन के पूर्व सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

(20) निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दर युक्तिसंगत होना अनिवार्य है । निविदा खुलने के समय कमिटी द्वारा दर युक्तिसंगत नहीं पाये जाने पर उक्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा । अतः आपको निविदा खुलने के समय कमिटी को दर का विस्तृत विवरण/ब्योरा प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

(23) दर अंकित करते समय गली/मुहल्ले/संकीर्ण रास्ता में एक अलग से छोटी वाहन/ऑटो द्वारा दूध वितरण को ध्यान में रखकर प्रस्तुत करना होगा ।

(21) वर्त्तमान में कार्यरत् वितरक को **Performance Certificate** संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

(22) सफल निविदादाता के पास यदि अपनी/ अनुबंध पर गाड़ी नहीं है, तो उन्हें कार्य आबंटन के पूर्व स्वंय का वाहन अथवा अनुबंध का वाहन निरीक्षण हेतु डेयरी परिसर में उपलब्ध कराना होगा । अन्यथा उनकी अग्रधन की राशि पूर्णतः जब्त कर ली जायेगी ।

(23) सफल निविदादाता को अपने अधीनस्त रिटेलरों से दूध की राशि स्वंय रिटेलर के यहाँ से प्राप्त करना होगा ।

(24) भविष्य में दूध बिक्री की मात्रा को ध्यान में रखकर गाड़ी की अनिवार्य संख्या एवं प्रकार में परिवर्तन किया जा सकता है, साथ ही जमानत एवं बैंक गारंटी की राशि में भी परिवर्तन किया जा सकता है ।

(25) वैसे कार्यरत वितरक जिसके पास निविदा खुलने की तिथि को संघ का बकाया है आवेदन के पात्र नहीं होंगे।

(26) वर्त्तमान में कार्यरत वितरक द्वारा संघ से नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्राप्त कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करेंगे। तकनीकी निविदा में सफल होने के लिए यह एक अनिवार्य शर्त होगा।

**बिना किसी कारण बताये प्राप्त निविदाओं को आंशिक या पूर्ण रूपेण रद्व करने का अधिकार प्रबंध निदेशक, तिमुल को सुरक्षित होगा ।**

देखा पढ़ा एवं स्वीकार किया

निविदादाता का हस्ताक्षर
(ऑफिस मोहर के साथ)

## विपणन पथों का विवरण

| | पथ का नाम | वितरण क्षेत्र | अनुमानित बिक्री न्यूनतम (ली० / दिन) | प्रति ट्रिप तय की जानेवाली अनु०दूरी (कि०मी०) | गाड़ी की प्रकार अनिवार्य सं० | जमानत राशि (रू०) | बैंक गारंटी की राशि (रू०) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | शंकर सरैया– तुरकौलिया पथ | मोतिहारी प्लांट से – डी०ए०वी०, चिन्ताहा, शंकर, सरैया, बैरिया बाजार कुंवलपुर, तुरकौलिया, पशुरापुर, हरपुर गायघाट, मानिकपुर, मठलोदियार एवं गोविन्दपुर इत्यादि | 1200 ली० / दिन | 50 कि०मी० (अपडाउन) | 6 साईड इंसुलेटेड टाटा 407 पिकअप या समकक्ष | रु0 3 लाख | रु0 3 लाख |
| 2 | मोतिहारी–पचपकड़ी पथ | मोतिहारी प्लांट से – पचपकड़ी, कुशमहवा चौक, फूलवरिया घाट, गुरहेनवा हॉल्ट, अमवा चौक, बजरंग चौक, कुण्डवा चैनपुर बाजार मेसौरा बाजार, झौआ राम चौक इत्यादि | 2000 ली० / दिन | 190 कि०मी० (अपडाउन) | 6 साईड इंसुलेटेड टाटा 407 पिकअप या समकक्ष | रू0 4 लाख | रू0 4 लाख |
| 3 | बलहा–कटैया – नौतन पथ | मोतिहारी प्लांट से – बलहॉ चौक, सिरनी, मलाही, मखलिया, गहिरी, तेलुआ चौक, मच्छरगामा, नौतन, बैरिया, नाथलवर, खड्डा, बैकुंठवा, शिवमंदिर, कटैया इत्यादि | 1100 ली० / दिन | 165 कि०मी० (अपडाउन) | 6 साईड इंसुलेटेड टाटा 407 पिकअप या समकक्ष | 2 लाख | 2 लाख |
| 4 | सीवान–गुठनी पथ | मोतिहारी प्लांट से – गोपलापुर – जीरादेई – विजयीपुर – शिवपुर – जामापुर – तितरा – खेपहा – नौतन – मैरवा – गुठनी – दरौली – दोन–बौना बाजार – रघुनाथपुर – पतार – असाव – आंदर – हुसैनगंज – चकरी इत्यादि | दूध 2000 ली० / दिन | 300 कि०मी० (अपडाउन) | 6 साईड इंसुलेटेड टाटा 407 पिकअप या समकक्ष | रू0 4 लाख | रू0 4 लाख |
| 5 | गोपालगंज –भोरे – कटेया पथ | मोतिहारी प्लांट से – थावे, मीरगंज, हथुवा, बडकागॉव, भोरे, कटेया इत्यादि | 1600 ली० / दिन | मोतिहारी से 260 कि०मी० गोपालगंज से 120 कि०मी० (अपडाउन) | 6 साईड इंसुलेटेड टाटा 407 पिकअप या समकक्ष | रू0 3 लाख | रू0 3 लाख |
| 6 | सदातपुर – –मधौल – मुजफ्फरपुर फोरलेन पथ | मुज0 प्लांट से सदातपुर लालु राबड़ी मोड़ से बथना, मधुबनी, तारसन, मधौल इत्यादि | 600 ली० / दिन | 60 कि०मी० (अपडाउन) | 6 साईड इंसुलेटेड पिकअप या समकक्ष | रू0 1.5 लाख | रू0 1.5 लाख |
| 7 | बेला ईमली चौक–कटेसर–छपड़ा चौक पथ | मुज0 प्लांट से बेला ईमली चौक से धीरनपट्टी, छपड़ा मेघ, सुस्ता मेला, बरियारपुर, कटेसर, छपड़ा चौक इत्यादि | 1000 ली० / दिन | 100 कि०मी० (अपडाउन) | 6 साईड इंसुलेटेड पिकअप या समकक्ष | रू0 2 लाख | रू0 2 लाख |
| 8 | महम्मदपुर – कोआही पथ | मुज0 प्लांट से महम्मदपुर गॉव ओलीपुर नदी तक, मकसुदपुर चौक, कोरलहिया, खनुआ घाट, ओलीपुर बाजार, टेंगराहा चौक, गोरिगॉव बाजार, लौतन, पिपरा गॉव, चाको छपरा, शनिचारा चौक, कुंडल गॉव, महिन्दवारा, विशनपुर चौक, कोआही इत्यादि। | 1000 ली० / दिन | 200 कि०मी० (अपडाउन) | 6 साईड इंसुलेटेड पिकअप या समकक्ष | रू0 2 लाख | रू0 2 लाख |
| 9 | हनुमाननगर–रमौली पथ | मुज0 प्लांट से हनुमाननगर, नाजीपुर, कांटा, छतनवारा, सुस्ता बैरफा चौक, जांता, चक्की, लोहरखा, मुन्नी, हत्था, तिनमुहान, सरैया, जगनिाय, लहौरा, बलौर, रमौली इत्यादि। | 500 ली० / दिन | 60 कि०मी० (अपडाउन) | ऑटो इंसुलेटेड | रू0 1 लाख | रू0 1 लाख |
| 10 | वनझुला–, तालीमपुर ग्रामीण विप0 पथ | मोतिहारी प्लांट से वनझुला, वीरता बाजार, जितौरा बाजार, बराटी बाजार, पिपरा, छेदीवन मधुबन, सागर, मधुरापुर, मघुआ, रामकरण पकडी, नरदवा, श्रीराम चौक, बलोचक, चकिया बायपास, बारा गोविद, जुगौलिया, मछहा, तालीमपुर इत्यादि। | 400 ली० / दिन | 60 कि०मी० (अपडाउन) | ऑटो इंसुलेटेड | रू0 1 लाख | रू0 1 लाख |